# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23.12.22 | 2 | 1-4 |

**एचएयू कैंपस स्कूल ने मनाया 49वां वार्षिकोत्सव • होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया**

# सुभाष सदन बना ओवरऑल चैंपियन

**सिटी रिपोर्टर** • चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कैंपस स्कूल का 49वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। विवि के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में वीसी प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।




कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की डायरेक्टर संतोष कम्बोज ने उपस्थित अतिथिगण का हार्दिक स्वागत किया व प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत कराया। कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल दिया गया। इसके बाद कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अति सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, मराठी नृत्य, बायोगैस से संबंधित नुक्कड़ नाटक आदि का मंचन किया गया।

कार्यक्रम में प्रो. काम्बोज ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कैंपस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली हैं कि उन्हें विश्व के श्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय स्थित इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। जहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाओं व उनमें लगे उपकरणों और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को देखने व उपयोग करने का अवसर मिलता है। कैंपस स्कूल में उच्च शिक्षित व समर्पित शिक्षक है जो बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हुए, अपने बच्चों की तरह ध्यान रखते है।






# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23.12.22 | 4 | 2-6 |

कार्यक्रम

एचएयू के कैंपस स्कूल के 49वें वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

## कैंपस स्कूल के सुभाष सदन ने जीती ओवरऑल ट्राफी

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 49वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में ओवरऑल विजेता सुभाष सदन को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की डायरेक्टर संतोष काम्बोज ने उपस्थित अतिथिगण का स्वागत किया। प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धूलिपाला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत कराया।

कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल दिया गया। इसके बाद कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।




एचएयू के कैंपस स्कूल में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर कांबोज। संवाद

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 23-12-22 | 5 | 1-3 |



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती कैंपस स्कूल की छात्राएं।

# हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 49वां वार्षिकोत्सव

हिसार, 22 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में, स्थित कैंपस स्कूल का 49 वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

प्रो. काम्बोज ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कैंपस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली है कि उन्हे विश्व के श्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय में स्थित इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। जहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाओं व उनमें लगे उपकरणों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को देखने व उपयोग करने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की डायरैक्टर संतोष कम्बोज ने उपस्थित अतिथिगण का हार्दिक स्वागत किया व प्रधानाचार्य सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत कराया। कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मैरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनैंट अनुभव राव गोल्ड मैडल दिया गया। इसके बाद कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अति सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, मराठी नृत्य, बायोगैस से संबंधित नुक्कड़ नाटक आदि का मंचन किया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23-12-22 | 2 | 5-6 |

# हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव




मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए। • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 49वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि कैंपस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली है कि उन्हें विश्व के श्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय में स्थित इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। जहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाओं व उनमें लगे उपकरणों और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को देखने व उपयोग करने का अवसर मिलता है।

| चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |
|---|

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23-12-22 | 5 | 3-5 |

# हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 49वां वार्षिकोत्सव




मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए

हिसार, 22 दिसंबर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 49वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

प्रो. काम्बोज ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कैंपस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली है कि उन्हे विश्व के श्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय में स्थित इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। जहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाओं व उनमें लगे उपकरणों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को देखने व उपयोग करने का अवसर मिलता है। उन्होने बताया कि कैंपस स्कूल में उच्च शिक्षित व समर्पित शिक्षक है जो बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हुए, अपने बच्चों की तरह ध्यान रखते है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की डायरैक्टर संतोष कम्बोज ने उपस्थित अतिथिगण का हार्दिक स्वागत किया व प्रधानाचार्य श्री सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला जी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत कराया। कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मैडल दिया गया। इसके बाद कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा।

इस समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के गणमान्य अधिकारी, अभिभावकगण व अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 23.12.22 | 9 | 5-8 |

## हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 49वां वार्षिकोत्सव

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार







हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती कैंपस स्कूल की छात्रा व विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि प्रो. बीआर काम्बोज। फोटो हरिभूमि


हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 49वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। प्रो. काम्बोज ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की डायरेक्टर संतोष कम्बोज ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया व प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत कराया। कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल दिया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनी हिसार | 23.12.2022 | ----- | ----- |


# हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 49वां वार्षिकोत्सव

हिसार: चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 49वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होनें




स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

प्रो. काम्बोज ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कैंपस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली है कि उन्हे विश्व के श्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय में स्थित इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। जहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाओं व उनमें लगे उपकरणों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को देखने व उपयोग करने का अवसर मिलता है। उन्होने बताया कि कैंपस स्कूल में उच्च शिक्षित व समर्पित शिक्षक है जो बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हुए, अपने बच्चों की तरह ध्यान रखते है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती संतोष कम्बोज ने उपस्थित अतिथिगण का हार्दिक स्वागत किया व प्रधानाचार्य श्री सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला जी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत कराया। कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल दिया गया। इसके बाद कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अति सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, मराठी नृत्य, बायोगैस से संबंधित नुक्कड़ नाटक

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 22.12.2022 | ----- | ----- |

# हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 49वां वार्षिकोत्सव



मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए।

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 49वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

प्रो. काम्बोज ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि कैंपस स्कूल में उच्च शिक्षित व समर्पित शिक्षक है जो बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हुए, अपने बच्चों की तरह ध्यान रखते हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की डायरेक्टर संतोष कम्बोज ने उपस्थित अतिथिगण का स्वागत किया व प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से अवगत कराया। कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल दिया गया। इसके बाद कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अति सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, मराठी नृत्य, बायोगैस से संबंधित नुक्कड़ नाटक आदि का मंचन किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के गणमान्य अधिकारी, अभिभावकगण व अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।


कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्रा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि. भूमि | 23-12-22 | 10 | 5-8 |


# मुकेश को किसान रत्न अवार्ड देगा एचएयू

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री दलाल करेंगे 40 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल शिरकत करेंगे और इस दौरान सिरसा के गांव ठोरड़नाली के मुकेश को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

### इन क्षेत्रों में किया है महत्वपूर्ण कार्य

इन प्रगतिशील किसानों ने कृषि में विविधिकरण, पशुपालन व उत्पाद मूल्य संवर्ध, कस्टम हायरिंग सेंटर, फसल उत्पादन, फल एवं सब्जी परीरक्षण, आचार उत्पादन एवं बाजरा उत्पादन, फसल विविधिकरण, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, हाइटेक नर्सरी, डेयरी फर्मिंग, स्वयं सहायता समूह एवं महिला सशक्तिकरण, सब्जी की संरक्षित खेती, स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए मुख्य प्रशिक्षक, वस्त्र सज्जा एवं बिक्री केंद्र, मशरूम उत्पादन, मशरूम एवं स्पॉन उत्पादन, फल एवं सब्जी मूल्य संवर्धन, जैविक नियंत्रण द्वारा समन्वित किट प्रबंधन, पशुपालन एवं किचन गार्डनिंग आदि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया गया है।

### ये किसान होंगे सम्मानित

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इस दौरान कृषि क्षेत्र और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 40 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है जिन्हें किसान दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिसार के गांव खारा बरवाला से राहुल, सदलपुर से सुनीता रानी, जींद जिले के बीबीपुर से अजीत सिंह, इक्कस से पुनम, पलवल के किशोरपुर से बुद्धराम, नूंह से निर्मला, सोनीपत के हलालपुर से राजिंदर, गढ़ी मीमसपुर से राज कुमारी, यमुनानगर के नागल से रंधीर सिंह, बाहादुरपुर से कांता रानी, कुरुक्षेत्र के खानपुर से राम कुमार, मथाना से उषा देवी, फतेहाबाद के धोलू से राजपाल व कांता, करनाल के नीलोखेड़ी से विकाश चौधरी, कंबोपुरा से रिमन कम्बोज, रेवाड़ी के मोहमदपुर से महेश कुमार, पाली से ज्योती यादव, झज्जर के बिशन से हरेन्द्र सुहाग, ससरौली से पिंकी, अंबाला के महलान से आशु, संभालका से करमजीत कौर, फरीदाबाद के अरूआ से सुभाष भाटी, पनहेरा खुर्द से रेखा, पंचकुला के कोलयोन से रतन सिंह, रामपुर से मैनावंती, कैथल के लांदेर पीरजादा से मनदीप, उमेदपुर से गुरजीत कौर, पानीपत के पलविंदर, ओझा से मनीषा देवी, महेन्द्रगढ़ के माजरा खुर्द से पंकज, बवानिया से सुनीता यादव, रोहतक के चीरी से बंसी लाल, गढ़ी बोहार से ज्योति, सिरसा के फरवैन से मोहन लाल, ओढा से सोनिया, भिवानी के बिसलवास से कृष्ण कुमार, बादल से रेखा, फार्मर फस्ट के अंतर्गत हिसार के चिड़ौद से बलवान, लाहौरी राघो से सरोज रानी को सम्मानित किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 22.12.2022 | 04 | 1-5 |

### वार्षिकोत्सव हरियाणवी, पंजाबी व मराठी नृत्य कर विद्यार्थियों ने मोहा मन

# पांचों सदनों में सुभाष सदन रहा ओवरऑल विजेता

नभ-छोर न्यूज ▸▸ 22 दिसंबर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।प्रो. काम्बोज ने पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कैंपस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली है कि उन्हें विश्व के श्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय में स्थित इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय डायरेक्टर संतोष कम्बोज ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया व प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत करवाया। कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मैडल दिया गया। इसके बाद कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय




स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी नृत पंजाबी नृत्य, मराठी नृत्य, बायोगै से संबंधित नुक्कड़ नाटक आदि मंचन किया गया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23-12-22 | 5 | 3-4 |

# किसान दिवस पर सिरसा के मुकेश को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित करेगा एचएयू

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री करेंगे 40 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित

हिसार, 22 दिसंबर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल शिरकत करेंगे और इस दौरान सिरसा के गांव झोरडनाली के मुकेश पुत्र लालचंद को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

**इन 40 ( 20 महिला व 20 पुरूष )प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित :** कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इस दौरान कृषि क्षेत्र और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 40 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है जिन्हें किसान दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिसार के गांव खारा बरवाला से राहुल, सदलपुर से सुनीता रानी, जींद जिले के बीबीपुर से अजीत सिंह, इक्कस से पुनम, पलवल के किशोरपुर से बुद्धराम, नुंह से निर्मला, सोनीपत के हलालपुर से राजिंदर, गढ़ी मीमरपुर से राज कुमारी, यमुनानगर के नागल से रंधीर सिंह, बाहादुरपुर से कांता रानी, कुरूक्षेत्र के खानपुर कोलीयान से राम कुमार, मथाना से उषा देवी, फतेहाबाद के धोलू से राजपाल व कांता, करनाल के नीलोखेड़ी से विकाश चौधरी, कंबोपुरा से रिमन कम्बोज, सिरसा के फरवैन से मोहन लाल, ओढा से सोनिया, भिवानी के बिसलवास से कृष्ण कुमार, बादल से रेखा, फार्मर फस्ट के अंतर्गत हिसार के चिड़ौद से बलवान, लाहौरी राधो से सरोज रानी व अन्यों को सम्मानित किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23-12-22 | 5 | 1-2 |



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का दृश्य।

## चौ. चरण सिंह जयंती पर एचएयू में 23 को मनाया जाएगा किसान दिवस

### कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री दलाल होंगे मुख्य अतिथि

हिसार, 22 दिसंबर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 23 दिसंबर को किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

विस्तार शिक्षा निदेशक, डॉ. बलवान सिंह मंडल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष किसान दिवस का विषय प्राकृतिक खेती होगा। उन्होंने बताया पूरे हरियाणा प्रांत से लगभग 2500 प्रगतिशील महिला एवं पुरुष किसान इस किसान-वैज्ञानिक मंत्रणा में हिस्सा लेंगे। इस दौरान भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्राकृतिक खेती अभियान को बढ़ावा देने के कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23-12-22 | 1 | 1-2 |

# सिरसा का मुकेश किसान रत्न अवार्ड से होगा सम्मानित

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण




सिंह जी की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल शिरकत करेंगे और इस दौरान सिरसा के गांव झोरड़नाली के मुकेश पुत्र लालचंद को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

## इन 40 प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इस दौरान कृषि क्षेत्र और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 40 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है, जिन्हें किसान दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि हिसार के गांव खारा बरवाला से राहुल, सदलपुर से सुनीता रानी, जींद जिले के बीबीपुर से अजीत सिंह, इक्कस से पुनम, पलवल के किशोरपुर से बुद्धराम, नुंह से निर्मला, सोनीपत के हलालपुर से राजिंदर, गढ़ी मीमरपुर से राज कुमारी, यमुनानगर के नागल से रंधीर सिंह, बाहादुरपुर से कांता रानी, कुरुक्षेत्र के खानपुर कोलीयान से राम कुमार, मथाना से उषा देवी, फतेहाबाद के बोलू से राजपाल व कांता, करनाल के नीलोखेड़ी से विकाश चौधरी, कंबोपुरा से रिमन कम्बोज, रेवाड़ी के मोहमदपुर से महेश कुमार, पाली से ज्योती यादव, झज्जर के बिशन से हरेन्द्र सुहाग, ससरौली से पिंकी, अंबाला के महलान से आशु, संभालका से करमजीत कौर, फरीदाबाद के अरूआ से सुभाष भाटी, पनहेरा खुर्द से रेखा, पंचकुला के कोलयोन से रतन सिंह, रामपुर से मैनावती, कैथल के लादेर पीरजादा से मनदीप सिंह कम्बोज, उमेदपुर से गुरजीत कौर, पानीपत के उरलाना कलां से पलविंदर, ओझा से मनीषा देवी, महेन्द्रगढ़ के माजरा खुर्द से पंकज, बवानिया से सुनीता यादव, रोहतक के चीरी से बंसी लाल, गढ़ी बोहार से ज्योति, सिरसा के फरवैन से मोहन लाल, ओढ़ा से सोनिया, भिवानी के बिसलवास से कृष्ण कुमार, बादल से रेखा, फार्मर फस्ट के अंतर्गत हिसार के चिड़ौद से बलवान, लाहौरी राघो से सरोज रानी को सम्मानित किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | | | |


**कृषि** किसान दिवस पर 40 प्रगतिशील किसान होंगे सम्मानित

# सिरसा का मुकेश किसान रत्न अवार्ड से होगा सम्मानित

हिसार, 22 दिसम्बर (राठी): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में 23 दिसम्बर को किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल शिरकत करेंगे और इस दौरान सिरसा के गांव झोरड़नाली के मुकेश को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इस दौरान कृषि क्षेत्र और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 40 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है, जिन्हें किसान दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिसार के गांव खारा बरवाला से राहुल, सदलपुर से सुनीता रानी, जींद जिले के बीबीपुर से अजीत सिंह, इक्कस से पूनम, पलवल के किशोरपुर से बुद्धराम, नूंह से निर्मला, सोनीपत के हलालपुर से सजिंदर, गढ़ी भीमपुर से राज कुमारी, यमुनानगर के नागल से रणधीर सिंह, बहादुरपुर से कांता रानी को सम्मानित किया जाएगा।

इसके अलावा कुरुक्षेत्र के खानपुर कोलीयान से राम कुमार, मथाना से उषा देवी, फतेहाबाद के धोलु से राजपाल व कांता, करनाल के नीलोखेड़ी से विकाश चौधरी, कंबोपुरा से रिमन कम्बोज, रेवाड़ी के मोहमदपुर से महेश कुमार, पाली से ज्योति यादव, झज्जर के बिशन से हरेन्द्र सुहाग, ससरौली से पिंकी, अंबाला के महलान से आशु, संभालका से करमजीत कौर, फरीदाबाद के अरूआ से सुभाष भाटी, पनहेरा खुर्द से रेखा, पंचकुला के कोलयोन से रतन सिंह, रामपुर से मैनावंती, कैथल के लांदेर पीरजादा से मनदीप सिंह कम्बोज, उमेदपुर से गुरजीत कौर, पानीपत के उरलाना कलां से पलविंदर, ओझा से मनीषा देवी, महेन्द्रगढ़ के माजरा खुर्द से पंकज, बवानिया से सुनीता यादव, रोहतक के चीरी से बंसी लाल, गढ़ी बोहार से ज्योति, सिरसा के फरवैन से मोहन लाल, ओढा से सोनिया, भिवानी के बिसलवास से कृष्ण कुमार, बादल से रेखा, फार्मर फस्ट के अंतर्गत हिसार के चिड़ौद से बलवान, लाहौरी राबो से सरोज रानी को सम्मानित किया जाएगा।

विस्तार शिक्षा निदेशक, डॉ. बलवान सिंह बताया कि इस वर्ष किसान दिवस का विषय प्राकृतिक खेती होगा। उन्होंने बताया पूरे हरियाणा प्रांत से लगभग 2500 प्रगतिशील महिला एवं पुरुष किसान इस किसान- वैज्ञानिक मंत्रणा में हिस्सा लेंगे।

## इन क्षेत्रों में किया है महत्वपूर्ण कार्य

इन प्रगतिशील किसानों ने कृषि मे विविधिकरण, पशुपालन व उत्पाद मूल्य संवर्ध, कस्टम हायरिंग सैंटर, फसल उत्पादन, फल एवं सब्जी परीक्षण, आचार उत्पादन एवं बाजरा उत्पादन, फसल विविधिकरण, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, हाइटेक नर्सरी, डेयरी फार्मिंग, स्वयं सहायता समूह एवं महिला सशक्तिकरण, सब्जी की संरक्षित खेती, स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए मुख्य प्रशिक्षक, वस्त्र सगा एवं बिक्री केंद्र, मशरूम उत्पादन, मशरूम एवं स्पॉन उत्पादन, फल एवं सब्जी मूल्य संवर्धन, जैविक नियंत्रण द्वारा समन्वित किट प्रबंधन, पशुपालन एवं किचन गार्डनिंग आदि क्षेत्रों मे महत्वपूर्ण कार्य किया गया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23-12-22 | 4 | 1-5 |


**जयंती** • पूर्व पीएम स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में एचएयू में कार्यक्रम आज

# किसान दिवस पर सिरसा के मुकेश को किसान रत्न अवॉर्ड से सम्मानित करेगा चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में 23 दिसम्बर को किसान दिवस मनाया जाएगा। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल शिरकत करेंगे और इस दौरान सिरसा के गांव झोरड़नाली के मुकेश पुत्र लालचंद को किसान रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। विस्तार शिक्षा निदेशक, डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि इस वर्ष किसान दिवस का विषय प्राकृतिक खेती होगा। उन्होंने बताया पूरे हरियाणा प्रांत से लगभग 2500 प्रगतिशील महिला एवं पुरुष किसान इस किसान-व ज्ञानिक मंत्रणा में हिस्सा लेंगे।

इस दौरान भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्राकृतिक खेती अभियान को बढ़ावा देने के कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य वाले एक किसान को किसान रत्न पुरस्कार दिया जाएगा जिसमें स्मृति चिह्न, प्रमाण-पत्र व 25 हजार रुपए का नकद ईनाम दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के 20 महिला व 20 पुरुष किसानों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

## इन 40 प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित

एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इस दौरान कृषि क्षेत्र और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 40 (20 महिला व 20 पुरुष) प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि हिसार के गांव खारा बरवाला से राहुल, सदलपुर से सुनीता रानी, जींद जिले के बीबीपुर से अजीत सिंह, इक्कस से पूनम, पलवल के किशोरपुर से बुद्धराम, नूंह से निर्मला, सोनीपत के हलालपुर से राजिंदर, गढ़ी मीरपुर से राज कुमारी, यमुनानगर के नागल से रणधीर सिंह, बाहादुरपुर से कांता रानी, कुरुक्षेत्र के खानपुर कोलीयान से राम कुमार, मथाना से उषा देवी, फतेहाबाद के धोलू से राजपाल व कांता, करनाल के नीलोखेड़ी से विकास चौधरी, कंबोपुरा से रिपन कम्बोज, रेवाड़ी के मोहम्मदपुर से महेश कुमार, पाली से ज्योति यादव, झज्जर के बिशन से होन्द्र स्वरूप, ससरौली से पिंकी, अंबाला के महलान से आशु, संभालका से करमजीत कौर, फरीदाबाद के अरूआ से सुभाष भाटी, पन्हेरा खुर्द से रेखा, पंचकूला के कोलथोन से रतन सिंह, रामपुर से मैनावंती, कैथल के लदिर पीरजादा से मनदीप सिंह कम्बोज, उमेदपुर से गुरजीत कौर, पानीपत के उरलाना कलां से परविंदर, ओझा से मनीषा देवी, महेन्द्रगढ़ के माजरा खुर्द से पंकज, बवानिया से सुनीता यादव, रोहतक के चीरी से बंसी लाल, गढ़ी बोहर से ज्योति, सिरसा के फरवैन से मोहन लाल, ओढां से सोनिया, भिवानी के बिसलवास से कृष्ण कुमार, बादल से रेखा, फार्मर फस्ट के अंतर्गत हिसार के चिड़ौद से बलवान, लाहौरी राघो से सरोज रानी को सम्मानित किया जाएगा।

**इन क्षेत्रों में किया महत्वपूर्ण कार्य:** इन प्रगतिशील किसानों ने कृषि में विविधिकरण, पशुपालन व उत्पाद मूल्य संवर्ध, कस्टम हायरिंग सेंटर, फसल उत्पादन, फल एवं सब्जी परीक्षण, आचार उत्पादन एवं बाजरा उत्पादन, फसल विविधिकरण, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, हाइटेक नर्सरी, डेयरी फार्मिंग, स्वयं सहायता समूह एवं महिला सशक्तिकरण, सब्जी की संरक्षित खेती, स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए मुख्य प्रशिक्षक, वस्त्र सज्जा एवं बिक्री केंद्र, मशरूम उत्पादन, मशरूम एवं स्पॉन उत्पादन, फल एवं सब्जी मूल्य संवर्धन, जैविक नियंत्रण द्वारा समन्वित किट प्रबंधन, पशुपालन एवं किचन गार्डनिंग आदि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23.12.22 | 2 | 1-5 |

# हिसार के तीन प्रगतिशील किसानों समेत 40 को आज मिलेगा सम्मान

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल हिसार के राहुल, सुनीता, बलवान को करेंगे सम्मानित

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में किसान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को हिसार के राहुल, सुनीता, बलवान समेत प्रदेश के 40 प्रगतिशील किसान सम्मानित किए जाएंगे। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल सिरसा जिले के गांव झोरड़नाली के प्रगतिशील किसान मुकेश पुत्र लालचंद को किसान रत्न अवॉर्ड प्रदान करेंगे।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में किसानों की खेती को लाभकारी बनाने के नए उपायों की भी जानकारी दी जाएगी। आदमपुर के गांव सदलपुर की सुनीता रानी प्राकृतिक विधि से सरसों, गेहूं की खेत करती हैं। वहीं गांव खारा बरवाला के किसान राहुल बागवानी से करीब 20 लाख रुपये सालाना कमा रहे हैं। राहुल के बाग में केंचुए से बनी खाद का इस्तेमाल होता है। प्रगतिशील किसानों ने कृषि में विविधीकरण, पशुपालन व उत्पाद मूल्य संवर्धन, कस्टम हायरिंग सेंटर, फसल उत्पादन, फल एवं सब्जी परीक्षण, अचार उत्पादन एवं बाजरा उत्पादन, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, हाइटेक नर्सरी, डेयरी फार्मिंग, स्वयं सहायता समूह एवं महिला सशक्तीकरण, सब्जी की संरक्षित खेती, स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए मुख्य प्रशिक्षक, वस्त्र सज्जा एवं बिक्री केंद्र, मशरूम उत्पादन, मशरूम एवं स्पॉन उत्पादन, फल एवं सब्जी मूल्य संवर्धन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया गया है।

### सुनीता ने कृषि विज्ञान केंद्र में सीखी प्राकृतिक खेती करना



सरसों के खेत में सुनीता। संवाद

मंडी आदमपुर। गांव सदलपुर की किसान सुनीता रानी दो साल पहले पति विजय कुमार के साथ गांव में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित शिविर में गई थी। केंद्र के कोर्डिनेटर डॉ. नरेंद्र व डॉ. सुरेंद्र जाजुदा के आह्वान पर उन्होंने खेती में पति का साथ देना शुरू किया। इन्होंने प्राकृतिक खेती को ट्रायल के रूप में आरंभ किया। जल्दी ही उन्हें खेती से होने वाले फायदे समझ में आए तो सब्जी व बागवानी शुरू कर दी। इस समय सुनीता ने अपने खेतों में सरसों व गेहूं के अलावा सब्जी की खेती कर रखी है। इसके अलावा नींबू का बाग लगाया है। सुनीता ने बताया कि वह खेत में रासायनिक खादों की जगह केवल गोबर व गोमूत्र डालती हैं।

**किसान दिवस विशेष**

### पंजाब में बागवानी देखकर शुरू किया था काम



किसान राहुल।

गांव खारा बरवाला के किसान राहुल ने वर्ष 2014 में पांच एकड़ जमीन पर किन्नू व अमरूद की बागवानी शुरू की थी। अब वह 35 एकड़ में नींबू, आम, मौसमी, किन्नू व अमरूद की बागवानी कर रहे हैं। राहुल ने बताया कि करीब 10 साल पहले पंजाब में बागवानी देखकर इसे खेती के रूप में शुरू किया। इस समय उसने 18 एकड़ में किन्नू, 8 एकड़ में अमरूद, 2 एकड़ में नींबू, 3 एकड़ में मौसमी के अलावा आम की खेती की है। बागवानी के माध्यम से करीब 20 लाख रुपये सालाना आय हो रही है। राहुल ने बताया कि वह अपने बाग में सिर्फ केंचुए की खाद का प्रयोग करते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23.12.22 | 2 | 6-8 |

# गेहूं की प्रजाति डब्ल्यूएच 1270 के लिए एचएयू ने 31 कंपनियों से किया अनुबंध

## अगेती प्रजाति की औसत उपज 75.6 क्विंटल प्रति हेक्टेयर, 700 किसानों ने लिए बीज

उदयभान त्रिपाठी

हिसार। हरियाणा और पंजाब समेत उत्तर पश्चिमी भारत के सिंचित इलाकों के लिए डब्ल्यूएच 1270 अब तक की सबसे अच्छी उपज देने वाली गेहूं की प्रजाति है। डब्ल्यूएच 1270 के बीज उत्पादन के लिए एचएयू ने सरकारी कंपनियों के अलावा 31 प्राइवेट कंपनियों से अनुबंध किया है। इस प्रजाति के बीज इसी वर्ष विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने बिजाई के लिए जारी किया था। करीब 700 किसानों को विश्वविद्यालय से बीज का वितरण किया है।

एचएयू के गेहूं एवं जौ अनुभाग के गेहूं विशेषज्ञ डॉ. ओपी बिश्नोई बताते हैं कि प्रदेश में गेहूं की औसत उपज अभी 61 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है, जबकि विश्वविद्यालय की तरफ से विकसित गेहूं की नई प्रजाति डब्ल्यूएच 1270 की औसत उपज 75.6 क्विंटल प्रति हेक्टेयर व अधिकतम उपज 90.2 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। यह प्रजाति संपूर्ण हरियाणा व पंजाब के अलावा हिमाचल व जम्मू कश्मीर के मैदानी इलाकों तथा राजस्थान और पश्चिमी यूपी के सिंचित क्षेत्रों के लिए भी उपयुक्त है। विशिष्ट गुणों के चलते इस प्रजाति के बीज की काफी मांग रही।



हिसार क्षेत्र के खेत में गेहूं की फसल। संवाद

> एचएयू के वैज्ञानिक किसानों के लिए उन्नत किस्में विकसित कर रहे हैं। गेहूं की उन्नत डब्ल्यूएच 1270 न केवल हरियाणा अपितु दूसरे प्रदेशों में बहुत लोकप्रिय हुई है। 31 कंपनियों से समझौते किए हैं। - प्रो बीआर कांबोज, कुलपति एचएयू

### येलो रस्ट रोधी है यह प्रजाति

उत्तर भारत में गेहूं की सबसे प्रमुख बीमारी पीला रतुआ (येलो रस्ट) उपज को प्रभावित करता है। परंतु यह बीमारी डब्ल्यूएच 1270 में नहीं लगती है। अगेती प्रजाति होने के कारण यह 25 से 28 डिग्री तापमान में भी अच्छा जमाव व फुटाव देती है। इस वजह से सर्दियों के दिन कम होने या दिसंबर व मार्च में बढ़ रही गर्मी का भी इस पर असर नहीं होता है।

### 156 दिन में पकती है

डब्ल्यूएच 1270 की बिजाई अक्तूबर के अंतिम सप्ताह से लेकर नवंबर के पहले सप्ताह तक ही होती है। 101 दिन में इसमें बालियां आती हैं, जबकि 156 दिन में फसल पककर तैयार होती है। पौधे की लंबाई एक मीटर होती है, जिस वजह से तेज हवा चलने पर भी पौधे गिरते नहीं हैं।

### इन कंपनियों के साथ तीन साल का हुआ समझौता

डब्ल्यूएच 1270 प्रजाति के बीज का उत्पादन करने के लिए एचएयू ने 31 कंपनियों के साथ समझौता किया है। इनमें देव एग्री टेक प्राइवेट लिमिटेड, उत्तम सीड्स, क्वालिटी हाइब्रिड सीड्स, शक्तिवर्धक हाइब्रिड, शिवगंगा हाइब्रिड, हरियाणा सीड्स कंपनी, कुरुक्षेत्र एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, काश्तकार सीड्स, मॉडल एग्रीटेक इंडिया लिमिटेड, उन्नत बीज कंपनी, लक्ष्मी सीड्स, शंकर सीड्स, किरन सीड्स, शक्तिमान सीड्स, हरबीर एग्रोटेक, एशियन सीड्स, खालसा एक्सपोर्ट, साहिब सीड्स लिमिटेड, सूर्या सीड्स एंड केमिकल्स, जय श्रीराम एक्सपोर्ट सीड्स, ग्रीटेक सीड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जाट करनाल सीड्स फार्म, तिवाना सीड्स स्टोर, ओंकार सीड्स, सुप्रीम सीड्स, सपोर्ट आर्गेनिक फार्म इंडिया, फेम सीड्स, सीमंस सीड्स कंपनी, केडी सीड्स, पंजाब सीड्स व जय एग्रो सीड्स को तीन साल के लिए अनुबंध मिला है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 22.12.2022 | ----- | ----- |

## चौ. चरण सिंह जयंती पर एचएयू में 23 कल मनाया जाएगा किसान दिवस

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 23 दिसम्बर को किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज समारोह की अध्यक्षता करेंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक, डॉ. बलवान सिंह मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष किसान दिवस का विषय प्राकृतिक खेती होगा। उन्होंने बताया पूरे हरियाणा प्रांत से लगभग 2500 प्रगतिशील महिला एवं पुरुष किसान इस किसान-वैज्ञानिक मंत्रणा में हिस्सा लेंगे। इस दौरान भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्राकृतिक खेती अभियान को बढ़ावा देने के कार्यक्रम पर चर्चा की जाएगी। प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य वाले एक किसान को किसान रत्न पुरस्कार दिया जाएगा जिसमें समृति चिन्ह, प्रमाणपत्र व 25 हजार रुपए का नकद ईनाम दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के 20 महिला व 20 पुरूष किसानों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में किसानों की आमदनी बढ़ाने में सहायक विभिन्न तकनीकों एवं तरीकों पर भी चर्चा की जाएगी। विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादो, कृषक अन्वेषक व विश्वविद्यालय के नवीनतम उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 22.12.2022 | ----- | ----- |

# चौ. चरण सिंह जयंती पर एच.ए.यू. में 23 दिसंबर को मनाया जाएगा किसान दिवस

## कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जय प्रकाश दलाल होंगे मुख्यातिथि

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 23 दिसम्बर को किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जय प्रकाश दलाल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज समारोह की अध्यक्षता करेंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक, डॉ. बलवान सिंह मंडल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष किसान दिवस का विषय प्राकृतिक खेती होगा। उन्होंने बताया पूरे हरियाणा प्रांत से लगभग 2500 प्रगतिशील महिला एवं पुरुष किसान इस किसान-वैज्ञानिक मंत्रणा में हिस्सा लेंगे। इस दौरान भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्राकृतिक खेती अभियान को बढ़ावा देने के कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य वाले एक किसान को किसान रत्न पुरस्कार दिया जाएगा जिसमें समृति चिन्ह, प्रमाणपत्र व 25 हजार रूपए का नकद ईनाम दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के 20 महिला व 20 पुरूष किसानों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में किसानों की आमदनी बढ़ाने में सहायक विभिन्न तकनीकों एवं तरीकों पर भी चर्चा की जाएगी। विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादो, कृषक अनवेषक व विश्वविद्यालय के नवीनतम उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| आज समाज | 23.12.2022 | ----- | ----- |


# किसान दिवस पर सिरसा के मुकेश को किसान रत्न अवार्ड से करेगा सम्मानित

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जय प्रकाश दलाल शिरकत करेंगे और इस दौरान सिरसा के गांव झोरड?ली के मुकेश पुत्र श्री लालचंद को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इन 40 (20 महिला व 20 पुरूष)प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इस दौरान कृषि क्षेत्र और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 40 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है जिन्हें किसान दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिसार के गांव खारा बरवाला से राहुल, सदलपुर से सुनीता रानी, जींद जिले के बीबीपुर से अजीत सिंह, इक्कस से पुनम, पलवल के किशोरपुर से बुद्धराम, नुंह से निर्मला, सोनीपत के हलालपुर से राजिंदर, गढ़ी मीमरपुर से राज कुमारी, यमुनानगर के नागल से रधीर सिंह, बाहादुरपुर से कांता रानी, कुरूक्षेत्र के खानपुर कोलीयान से राम कुमार, मथाना से उषा देवी, फतेहाबाद के धोलू से राजपाल व कांता, करनाल के नीलोखेड़ी से विकाश चौधरी, कंबोपुरा से रिमन कम्बोज, रेवाड़ी के मोहमदपुर से महेश कुमार, पाली से ज्योती यादव, झज्जर के बिशन से हरेन्द्र सुहाग, ससरौली से पिंकी, अंबाला के महलान से आशु, संभालका से करमजीत कौर, फरीदाबाद के अरूआ से सुभाष भाटी, पनहेरा खुर्द से रेखा, पंचकुला के कोलयोन से रतन सिंह, रामपुर से मैनावंती, कैथल के लांदेर पीरजादा से मनदीप सिंह कम्बोज, उमेदपुर से गुरजीत कौर, पानीपत के उरलाना कलां से पलविंदर, ओझा से मनीषा देवी, महेन्द्रगढ़ के माजरा खुर्द से पंकज, बवानिया से सुनीता यादव, रोहतक के चीरी से बंसी लाल, गढ़ी बोहार से ज्योति, सिरसा के फरवैन से मोहन लाल, ओढा से सोनिया, भिवानी के बिसलवास से कृष्ण कुमार, बादल से रेखा, फार्मर फस्ट के अंतर्गत हिसार के चिड़ौद से बलवान, लाहौरी राघो से सरोज रानी को सम्मानित किया जाएगा। इन प्रगतिशील किसानों ने कृषि में विविधिकरण, पशुपालन व उत्पाद मूल्य संवर्ध, कस्टम हायरिंग सेंटर, फसल उत्पादन, फल एवं सब्जी परीरक्षण, आचार उत्पादन एवं बाजरा उत्पादन, फसल विविधिकरण, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, हाइटेक नर्सरी, डेयरी फा?मंग, स्वयं सहायता समूह एवं महिला सशक्तिकरण, सब्जी की संरक्षित खेती, स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए मुख्य प्रशिक्षक, वस्त्र सज्जा एवं बिक्री केंद्र, मशरूम उत्पादन, मशरूम एवं स्पॉन उत्पादन, फल एवं सब्जी मूल्य संवर्धन, जैविक नियंत्रण द्वारा समन्वित किट प्रबंधन, पशुपालन एवं किचन गार्डनिंग आदि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23·12·22 | 2 | 1-4 |

**एचएयू कैंपस स्कूल ने मनाया 49वां वार्षिकोत्सव • होनहार विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया**

# सुभाष सदन बना ओवरऑल चैंपियन




**सिटी रिपोर्टर •** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कैंपस स्कूल का 49वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया। विवि के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में वीसी प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की डायरेक्टर संतोष कम्बोज ने उपस्थित अतिथिगण का हार्दिक स्वागत किया व प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत कराया। कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल दिया गया। इसके बाद कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अति सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, मराठी नृत्य, बायोगैस से संबंधित नुक्कड़ नाटक आदि का मंचन किया गया।

कार्यक्रम में प्रो. काम्बोज ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कैंपस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली हैं कि उन्हें विश्व के श्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय स्थित इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। जहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाओं व उनमें लगे उपकरणों और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को देखने व उपयोग करने का अवसर मिलता है। कैंपस स्कूल में उच्च शिक्षित व समर्पित शिक्षक है जो बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हुए, अपने बच्चों की तरह ध्यान रखते है।






# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23.12.22 | 4 | 2-6 |

कार्यक्रम

एचएयू के कैंपस स्कूल के 49वें वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

## कैंपस स्कूल के सुभाष सदन ने जीती ओवरऑल ट्राफी

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 49वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में ओवरऑल विजेता सुभाष सदन को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की डायरेक्टर संतोष काम्बोज ने उपस्थित अतिथिगण का स्वागत किया। प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धूलिपाला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत कराया।



एचएयू के कैंपस स्कूल में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बीआर कांबोज। संवाद

कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल दिया गया। इसके बाद कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 23-12-22 | ५ | 1-3 |



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती कैंपस स्कूल की छात्राएं।

# हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 49वां वार्षिकोत्सव

हिसार, 22 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 49 वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

प्रो. काम्बोज ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कैंपस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली हैं कि उन्हें विश्व के श्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय में स्थित इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। जहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाओं व उनमें लगे उपकरणों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को देखने व उपयोग करने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की डायरैक्टर संतोष कम्बोज ने उपस्थित अतिथिगण का हार्दिक स्वागत किया व प्रधानाचार्य सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत कराया। कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मैरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनैंट अनुभव राव गोल्ड मैडल दिया गया। इसके बाद कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अति सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, मराठी नृत्य, बायोगैस से संबंधित नुक्कड़ नाटक आदि का मंचन किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23-12-22 | 2 | 5-6 |

## हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव




मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए। • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 49वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि कैंपस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली हैं कि उन्हें विश्व के श्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय में स्थित इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। जहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाओं व उनमें लगे उपकरणों और अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को देखने व उपयोग करने का अवसर मिलता है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23-12-22 | 5 | 3-5 |

# हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 49वां वार्षिकोत्सव




मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए

हिसार, 22 दिसंबर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 49वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

प्रो. काम्बोज ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कैंपस स्कूल में पढने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली है कि उन्हें विश्व के श्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय में स्थित इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। जहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाओं व उनमें लगे उपकरणों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को देखने व उपयोग करने का अवसर मिलता है। उन्होंने बताया कि कैंपस स्कूल में उच्च शिक्षित व समर्पित शिक्षक है जो बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हुए, अपने बच्चों की तरह ध्यान रखते है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की डायरैक्टर संतोष कम्बोज ने उपस्थित अतिथिगण का हार्दिक स्वागत किया व प्रधानाचार्य श्री सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला जी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत कराया। कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मैडल दिया गया। इसके बाद कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा।

इस समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के गणमान्य अधिकारी, अभिभावकगण व अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 23.12.22 | 9 | 5-8 |


### हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 49वां वार्षिकोत्सव

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 49वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। प्रो. काम्बोज ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की डायरेक्टर संतोष कम्बोज ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया व प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत कराया। कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल दिया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा।








हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती कैंपस स्कूल की छात्रा व विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि प्रो. बीआर काम्बोज। फोटो हरिभूमि

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 23.12.2022 | ----- | ----- |


# हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 49वां वार्षिकोत्सव

हिसार: चौधरी चरण सिहं हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 49वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंनें




स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

प्रो. काम्बोज ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कैंपस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली है कि उन्हे विश्व के श्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय में स्थित इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। जहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाओं व उनमें लगे उपकरणों और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं को देखने व उपयोग करने का अवसर मिलता है। उन्होने बताया कि कैंपस स्कूल में उच्च शिक्षित व समर्पित शिक्षक है जो बच्चों का सर्वागीण विकास करते हुए, अपने बच्चों की तरह ध्यान रखते है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती संतोष कम्बोज ने उपस्थित अतिथिगण का हार्दिक स्वागत किया व प्रधानाचार्य श्री सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला जी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत कराया। कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल दिया गया। इसके बाद कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अति सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, मराठी नृत्य, बायोगैस से संबंधित नुक्कड़ नाटक

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 22.12.2022 | ----- | ----- |

# हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 49वां वार्षिकोत्सव

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का 49वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।




मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए।

प्रो. काम्बोज ने पुरस्कार पाने वाले सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि कैंपस स्कूल में उच्च शिक्षित व समर्पित शिक्षक है जो बच्चों का सर्वांगीण विकास करते हुए, अपने बच्चों की तरह ध्यान रखते है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय की डायरेक्टर संतोष कम्बोज ने उपस्थित अतिथिगण का स्वागत किया व प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से अवगत कराया। कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल दिया गया। इसके बाद कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा अति सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, मराठी नृत्य, बायोगैस से संबंधित नुक्कड़ नाटक आदि का मंचन किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के गणमान्य अधिकारी, अभिभावकगण व अन्य अतिथिगण उपस्थित थे।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्रा।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 23-12-22 | 10 | 5-8 |


# मुकेश को किसान रत्न अवार्ड देगा एचएयू

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री दलाल करेंगे 40 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल शिरकत करेंगे और इस दौरान सिरसा के गांव झोरड़नाली के मुकेश को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

### ये किसान होंगे सम्मानित

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इस दौरान कृषि क्षेत्र और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 40 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है जिन्हें किसान दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिसार के गांव खारा बरवाला से राहुल, सदलपुर से सुनीता रानी, जींद जिले के बीबीपुर से अजीत सिंह, इक्कस से पुनम, पलवल के किशोरपुर से बुद्धराम, नूंह से निर्मला, सोनीपत के हलालपुर से राजिंदर, गढ़ी मीमसपुर से राज कुमारी, यमुनानगर के नागल से रंधीर सिंह, बाहादुरपुर से कांता रानी, कुरूक्षेत्र के खानपुर से राम कुमार, मथाना से उषा देवी, फतेहाबाद के धोलू से राजपाल व कांता, करनाल के नीलोखेड़ी से विकाश चौधरी, कंबोपुरा से रिमन कम्बोज, रेवाड़ी के मोहमदपुर से महेश कुमार, पाली से ज्योती यादव, झज्जर के बिशन से हरेन्द्र सुहाग, ससरौली से पिंकी, अंबाला के महलान से आशु, संभालका से करमजीत कौर, फरीदाबाद के अरूआ से सुभाष भाटी, पनहेरा खुर्द से रेखा, पंचकुला के कोलयोन से रतन सिंह, रामपुर से मैनावंती, कैथल के लांदेर पीरजादा से मनदीप, उमेदपुर से गुरजीत कौर, पानीपत के पलविंदर, ओझा से मनीषा देवी, महेन्द्रगढ़ के माजरा खुर्द से पंकज, बवानिया से सुनीता यादव, रोहतक के चीरी से बंसी लाल, गढ़ी बोहार से ज्योति, सिरसा के फरवैन से मोहन लाल, ओढा से सोनिया, भिवानी के बिसलवास से कृष्ण कुमार, बादल से रेखा, फार्मर फस्ट के अंतर्गत हिसार के चिड़ौद से बलवान, लाहौरी राघो से सरोज रानी को सम्मानित किया जाएगा।

### इन क्षेत्रों में किया है महत्वपूर्ण कार्य

इन प्रगतिशील किसानों ने कृषि में विविधिकरण, पशुपालन व उत्पाद मूल्य संवर्ध, कस्टम हायरिंग सेंटर, फसल उत्पादन, फल एवं सब्जी परीरक्षण, आचार उत्पादन एवं बाजरा उत्पादन, फसल विविधिकरण, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, हाइटेक नर्सरी, डेयरी फर्मिंग, स्वयं सहायता समूह एवं महिला सशक्तिकरण, सब्जी की संरक्षित खेती, स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए मुख्य प्रशिक्षक, वस्त्र सज्जा एवं बिक्री केंद्र, मशरूम उत्पादन, मशरूम एवं स्पॉन उत्पादन, फल एवं सब्जी मूल्य संवर्धन, जैविक नियंत्रण द्वारा समन्वित किट प्रबंधन, पशुपालन एवं किचन गार्डनिंग आदि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 22.12.2022 | 04 | 1-5 |

**वार्षिकोत्सव** हरियाणवी, पंजाबी व मराठी नृत्य कर विद्यार्थियों ने मोहा मन

# पांचों सदनों में सुभाष सदन रहा ओवरऑल विजेता

नभ-छोर न्यूज ▸▸ 22 दिसंबर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में स्थित कैंपस स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। प्रो. काम्बोज ने पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि कैंपस स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी भाग्यशाली हैं कि उन्हें विश्व के श्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय में स्थित इस स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने का अवसर मिला है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यालय डायरेक्टर संतोष कम्बोज ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया व प्रधानाचार्य सोमा सेखरा सर्मा धुलिपाला ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट से सभी को अवगत करवाया। कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मैडल दिया गया। इसके बाद कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता सुभाष सदन रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, मराठी नृत्य, बायोगैस से संबंधित नुक्कड़ नाटक आदि का मंचन किया गया।



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23-12-22 | 5 | 3-4 |

## किसान दिवस पर सिरसा के मुकेश को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित करेगा एचएयू

### कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री करेंगे 40 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित

हिसार, 22 दिसंबर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल शिरकत करेंगे और इस दौरान सिरसा के गांव झोरडनाली के मुकेश पुत्र लालचंद को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

**इन 40 ( 20 महिला व 20 पुरूष )प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित :** कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इस दौरान कृषि क्षेत्र और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 40 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है जिन्हें किसान दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिसार के गांव खारा बरवाला से राहुल, सदलपुर से सुनीता रानी, जींद जिले के बीबीपुर से अजीत सिंह, इक्कस से पुनम, पलवल के किशोरपुर से बुद्धराम, नूंह से निर्मला, सोनीपत के हलालपुर से राजिंदर, गढ़ी मीमरपुर से राज कुमारी, यमुनानगर के नागल से रंधीर सिंह, बाहादुरपुर से कांता रानी, कुरूक्षेत्र के खानपुर कोलीयान से राम कुमार, मथाना से उषा देवी, फतेहाबाद के धोलू से राजपाल व कांता, करनाल के नीलोखेड़ी से विकाश चौधरी, कंबोपुरा से रिमन कम्बोज, सिरसा के फरवैन से मोहन लाल, ओढा से सोनिया, भिवानी के बिसलवास से कृष्ण कुमार, बादल से रेखा, फार्मर फस्ट के अंतर्गत हिसार के चिड़ौद से बलवान, लाहौरी राधो से सरोज रानी व अन्यों को सम्मानित किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 23-12-22 | 5 | 1-2 |



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का दृश्य।

## चौ. चरण सिंह जयंती पर एचएयू में 23 को मनाया जाएगा किसान दिवस

### कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री दलाल होंगे मुख्य अतिथि

हिसार, 22 दिसंबर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 23 दिसंबर को किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

विस्तार शिक्षा निदेशक, डॉ. बलवान सिंह मंडल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष किसान दिवस का विषय प्राकृतिक खेती होगा। उन्होंने बताया पूरे हरियाणा प्रांत से लगभग 2500 प्रगतिशील महिला एवं पुरुष किसान इस किसान-वैज्ञानिक मंत्रणा में हिस्सा लेंगे। इस दौरान भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्राकृतिक खेती अभियान को बढ़ावा देने के कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23-12-22 | 1 | 1-2 |

# सिरसा का मुकेश किसान रत्न अवार्ड से होगा सम्मानित

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण




सिंह जी की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल शिरकत करेंगे और इस दौरान सिरसा के गांव झोरड़नाली के मुकेश पुत्र लालचंद को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

## इन 40 प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इस दौरान कृषि क्षेत्र और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 40 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है, जिन्हें किसान दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि हिसार के गांव खारा बरवाला से राहुल, सदलपुर से सुनीता रानी, जींद जिले के बीबीपुर से अजीत सिंह, इक्कस से पुनम, पलवल के किशोरपुर से बुद्धराम, नुंह से निर्मला, सोनीपत के हलालपुर से राजिंदर, गढ़ी मीमरपुर से राज कुमारी, यमुनानगर के नागल से रधीर सिंह, बाहदुरपुर से कांता रानी, कुरुक्षेत्र के खानपुर कोलीयान से राम कुमार, मथाना से उषा देवी, फतेहाबाद के चौलू से राजपाल व कांता, करनाल के नीलोखेड़ी से विकाश चौधरी, कंबोपुरा से रिमन कम्बोज, रेवाड़ी के मोहमदपुर से महेश कुमार, पाली से ज्योती यादव, झज्जर के बिशन से हरेन्द्र सुहाग, ससरौली से पिंकी, अंबाला के महलान से आशु, संभालका से करमजीत कौर, फरीदाबाद के अरूआ से सुभाष भाटी, पनहेरा खुर्द से रेखा, पंचकुला के कोलयोन से रतन सिंह, रामपुर से मैनावती, कैथल के लादेर पीरजादा से मनदीप सिंह कम्बोज, उमेदपुर से गुरजीत कौर, पानीपत के उरलाना कलां से पलविंदर, ओझा से मनीषा देवी, महेन्द्रगढ़ के माजरा खुर्द से पंकज, बवानिया से सुनीता यादव, रोहतक के चीरी से बंसी लाल, गढ़ी बोहार से ज्योति, सिरसा के फरवैन से मोहन लाल, औढा से सोनिया, भिवानी के बिसलवास से कृष्ण कुमार, बादल से रेखा, फार्मर फस्ट के अंतर्गत हिसार के चिड़ौद से बलवान, लाहौरी राघो से सरोज रानी को सम्मानित किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | | | |

**कृषि** किसान दिवस पर 40 प्रगतिशील किसान होंगे सम्मानित

# सिरसा का मुकेश किसान रत्न अवार्ड से होगा सम्मानित

हिसार, 22 दिसम्बर (राठी): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में 23 दिसम्बर को किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल शिरकत करेंगे और इस दौरान सिरसा के गांव झोरड़नाली के मुकेश को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि इस दौरान कृषि क्षेत्र और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 40 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है, जिन्हें किसान दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिसार के गांव खारा बरवाला से राहुल, सदलपुर से सुनीता रानी, जींद जिले के बीबीपुर से अजीत सिंह, इक्कस से पूनम, पलवल के किशोरपुर से बुद्धराम, नूंह से निर्मला, सोनीपत के हलालपुर से सजिंदर, गढ़ी भीमरपुर से राज कुमारी, यमुनानगर के नागल से रंधीर सिंह, बहादुरपुर से कांता रानी को सम्मानित किया जाएगा।

इसके अलावा कुरुक्षेत्र के खानपुर कोलीयान से राम कुमार, मथाना से उषा देवी, फतेहाबाद के धोलू से राजपाल व कांता, करनाल के नीलोखेड़ी से विकाश चौधरी, कंबोपुरा से रिमन कम्बोज, रेवाड़ी के मोहमदपुर से महेश कुमार, पाली से ज्योति यादव, झज्जर के बिशन से हरेन्द्र सुहाग, ससरौली से पिंकी, अंबाला के महलान से आशु, संभालका से करमजीत कौर, फरीदाबाद के अरूआ से सुभाष भाटी, पनहेरा खुर्द से रेखा, पंचकुला के कोलयोन से रतन सिंह, रामपुर से मैनावती, कैथल के लांदेर पीरजादा से मनदीप सिंह कम्बोज, उमेदपुर से गुरजीत कौर, पानीपत के डरलाना कलां से पलविंदर, ओझा से मनीषा देवी, महेन्द्रगढ़ के माजरा खुर्द से पंकज, बर्वानिया से सुनीता यादव, रोहतक के चीरी से बंसी लाल, गढ़ी बोहार से ज्योति, सिरसा के फरवैन से मोहन लाल, ओढा से सोनिया, भिवानी के बिसलवास से कृष्ण कुमार, बादल से रेखा, फार्मर फस्ट के अंतर्गत हिसार के चिड़ौद से बलवान, लाहौरी राबो से सरोज रानी को सम्मानित किया जाएगा।

विस्तार शिक्षा निदेशक, डॉ. बलवान सिंह बताया कि इस वर्ष किसान दिवस का विषय प्राकृतिक खेती होगा। उन्होंने बताया पूरे हरियाणा प्रांत से लगभग 2500 प्रगतिशील महिला एवं पुरुष किसान इस किसान- वैज्ञानिक मंत्रणा में हिस्सा लेंगे।

## इन क्षेत्रों में किया है महत्वपूर्ण कार्य

इन प्रगतिशील किसानों ने कृषि में विविधिकरण, पशुपालन व उत्पाद मूल्य संवर्ध, कस्टम हायरिंग सैंटर, फसल उत्पादन, फल एवं सब्जी परीक्षण, आचार उत्पादन एवं बाजरा उत्पादन, फसल विविधिकरण, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, हाइटेक नर्सरी, डेयरी फार्मिंग, स्वयं सहायता समूह एवं महिला सशक्तिकरण, सब्जी की संरक्षित खेती, स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए मुख्य प्रशिक्षक, वस्त्र संगा एवं बिक्री केंद्र, मशरूम उत्पादन, मशरूम एवं स्पॉन उत्पादन, फल एवं सब्जी मूल्य संवर्धन, जैविक नियंत्रण द्वारा समन्वित किट प्रबंधन, पशुपालन एवं किचन गार्डनिंग आदि क्षेत्रों मे महत्वपूर्ण कार्य किया गया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23-12-22 | 4 | 1-5 |


**जयंती** • पूर्व पीएम स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में एचएयू में कार्यक्रम आज

# किसान दिवस पर सिरसा के मुकेश को किसान रत्न अवॉर्ड से सम्मानित करेगा चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में 23 दिसम्बर को किसान दिवस मनाया जाएगा। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल शिरकत करेंगे और इस दौरान सिरसा के गांव झोरड़नाली के मुकेश पुत्र लालचंद को किसान रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। विस्तार शिक्षा निदेशक, डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि इस वर्ष किसान दिवस का विषय प्राकृतिक खेती होगा। उन्होंने बताया पूरे हरियाणा प्रांत से लगभग 2500 प्रगतिशील महिला एवं पुरुष किसान इस किसान-व ज्ञानिक मंत्रणा में हिस्सा लेंगे।

इस दौरान भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्राकृतिक खेती अभियान को बढ़ावा देने के कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य वाले एक किसान को किसान रत्न पुरस्कार दिया जाएगा जिसमें स्मृति चिह्न, प्रमाण-पत्र व 25 हजार रुपए का नकद ईनाम दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के 20 महिला व 20 पुरुष किसानों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा।

## इन 40 प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित

एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इस दौरान कृषि क्षेत्र और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 40 (20 महिला व 20 पुरुष) प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है । उन्होंने बताया कि हिसार के गांव खारा बरवाला से राहुल, सदलपुर से सुनीता रानी, जींद जिले के बीबीपुर से अजीत सिंह, इक्कस से पूनम, पलवल के किशोरपुर से बुद्धराम, नूंह से निर्मला, सोनीपत के हलालपुर से रजिंदर, गढ़ी मीमरपुर से राज कुमारी, यमुनानगर के नागल से रणधीर सिंह, बाहादुरपुर से कांता रानी, कुरुक्षेत्र के खानपुर कोलीयान से राम कुमार, मथाना से उषा देवी, फतेहाबाद के धोलू से राजपाल व कांता, करनाल के नीलोखेड़ी से विकास चौधरी, कंबोपुरा से रिपन कम्बोज, रेवाड़ी के मोहमदपुर से महेश कुमार, पाली से ज्योति यादव, झज्जर के बिशान से हरेन्द्र सुहाग, ससरौली से पिंकी, अंबाला के महलान से आशु, संभालका से करमजीत कौर, फरीदाबाद के अरूआ से सुभाष भाटी, पनहेरा खुर्द से रेखा, पंचकूला के कोलयोन से रतन सिंह, रामपुर से मैनावंती, कैथल के लंदिर पीरजादा से मनदीप सिंह कम्बोज, उमेदपुर से गुरजीत कौर, पानीपत के उरलाना कलां से परविंदर, ओझा से मनीषा देवी, महेन्द्रगढ़ के माजरा खुर्द से पंकज, बवानिया से सुनीता यादव, रोहतक के चीरी से बंसी लाल, गढ़ी बोहर से ज्योति, सिरसा के फरवैन से मोहन लाल, ओढां से सोनिया, भिवानी के बिसलवास से कृष्ण कुमार, बाढल से रेखा, फार्मर फस्ट के अंतर्गत हिसार के चिड़ौद से बलवान, लाहौरी राघो से सरोज रानी को सम्मानित किया जाएगा।

**इन क्षेत्रों में किया महत्वपूर्ण कार्य :** इन प्रगतिशील किसानों ने कृषि में विविधिकरण, पशुपालन व उत्पाद मूल्य संवर्ध, कस्टम हायरिंग सेंटर, फसल उत्पादन, फल एवं सब्जी परीरक्षण, आचार उत्पादन एवं बाजरा उत्पादन, फसल विविधिकरण, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, हाइटेक नर्सरी, डेयरी फार्मिंग, स्वयं सहायता समूह एवं महिला सशक्तिकरण, सब्जी की संरक्षित खेती, स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए मुख्य प्रशिक्षक, वस्त्र सज्जा एवं बिक्री केंद्र, मशरूम उत्पादन, मशरूम एवं स्पॉन उत्पादन, फल एवं सब्जी मूल्य संवर्धन, जैविक नियंत्रण द्वारा समन्वित किट प्रबंधन, पशुपालन एवं किचन गार्डनिंग आदि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23.12.22 | 2 | 1-5 |

# हिसार के तीन प्रगतिशील किसानों समेत 40 को आज मिलेगा सम्मान

## कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल हिसार के राहुल, सुनीता, बलवान को करेंगे सम्मानित

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में किसान दिवस के अवसर पर शुक्रवार को हिसार के राहुल, सुनीता, बलवान समेत प्रदेश के 40 प्रगतिशील किसान सम्मानित किए जाएंगे। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल सिरसा जिले के गांव झोरड़नाली के प्रगतिशील किसान मुकेश पुत्र लालचंद को किसान रत्न अवॉर्ड प्रदान करेंगे।

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 120वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में किसानों की खेती को लाभकारी बनाने के नए उपायों की भी जानकारी दी जाएगी। आदमपुर के गांव सदलपुर की सुनीता रानी प्राकृतिक विधि से सरसों, गेहूं की खेत करती हैं। वहीं गांव खारा बरवाला के किसान राहुल बागवानी से करीब 20 लाख रुपये सालाना कमा रहे हैं। राहुल के बाग में केंचुए से बनी खाद का इस्तेमाल होता है। प्रगतिशील किसानों ने कृषि में विविधीकरण, पशुपालन व उत्पाद मूल्य संवर्धन, कस्टम हायरिंग सेंटर, फसल उत्पादन, फल एवं सब्जी परीक्षण, अचार उत्पादन एवं बाजरा उत्पादन, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, हाइटेक नर्सरी, डेयरी फार्मिंग, स्वयं सहायता समूह एवं महिला सशक्तीकरण, सब्जी की संरक्षित खेती, स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए मुख्य प्रशिक्षक, वस्त्र सज्जा एवं बिक्री केंद्र, मशरूम उत्पादन, मशरूम एवं स्पॉन उत्पादन, फल एवं सब्जी मूल्य संवर्धन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया गया है।

### सुनीता ने कृषि विज्ञान केंद्र में सीखी प्राकृतिक खेती करना



सरसों के खेत में सुनीता। संवाद

मंडी आदमपुर। गांव सदलपुर की किसान सुनीता रानी दो साल पहले पति विजय कुमार के साथ गांव में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित शिविर में गई थी। केंद्र के कोर्डिनेटर डॉ. नरेंद्र व डॉ. सुरेंद्र जाजुदा के आह्वान पर उन्होंने खेती में पति का साथ देना शुरू किया। इन्होंने प्राकृतिक खेती को ट्रायल के रूप में आरंभ किया। जल्दी ही उनकें खेती से होने वाले फायदे समझ में आए तो सब्जी व बागवानी शुरू कर दी। इस समय सुनीता ने अपने खेतों में सरसों व गेहूं के अलावा सब्जी की खेती कर रखी है। इसके अलावा नींबू का बाग लगाया है। सुनीता ने बताया कि वह खेत में रासायनिक खादों की जगह केवल गोबर व गोमूत्र डालती हैं।

**किसान दिवस विशेष**

### पंजाब में बागवानी देखकर शुरू किया था काम



किसान राहुल।

गांव खारा बरवाला के किसान राहुल ने वर्ष 2014 में पांच एकड़ जमीन पर किन्नू व अमरूद की बागवानी शुरू की थी। अब वह 35 एकड़ में नींबू, आम, मौसमी, किन्नू व अमरूद की बागवानी कर रहे हैं। राहुल ने बताया कि करीब 10 साल पहले पंजाब में बागवानी देखकर इसे खेती के रूप में शुरू किया। इस समय उसने 18 एकड़ में किन्नू, 8 एकड़ में अमरूद, 2 एकड़ में नींबू, 3 एकड़ में मौसमी के अलावा आम की खेती की है। बागवानी के माध्यम से करीब 20 लाख रुपये सालाना आय हो रही है। राहुल ने बताया कि वह अपने बाग में सिर्फ केंचुए की खाद का प्रयोग करते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| अमर उजाला | 23.12.22 | 2 | 6-8 |

# गेहूं की प्रजाति डब्ल्यूएच 1270 के लिए एचएयू ने 31 कंपनियों से किया अनुबंध

## अगेती प्रजाति की औसत उपज 75.6 क्विंटल प्रति हेक्टेयर, 700 किसानों ने लिए बीज

उदयभान त्रिपाठी

हिसार। हरियाणा और पंजाब समेत उत्तर पश्चिमी भारत के सिंचित इलाकों के लिए डब्ल्यूएच 1270 अब तक की सबसे अच्छी उपज देने वाली गेहूं की प्रजाति है। डब्ल्यूएच 1270 के बीज उत्पादन के लिए एचएयू ने सरकारी कंपनियों के अलावा 31 प्राइवेट कंपनियों से अनुबंध किया है। इस प्रजाति के बीज इसी वर्ष विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने बिजाई के लिए जारी किया था। करीब 700 किसानों को विश्वविद्यालय से बीज का वितरण किया है।

एचएयू के गेहूं एवं जौ अनुभाग के गेहूं विशेषज्ञ डॉ. ओपी बिश्नोई बताते हैं कि प्रदेश में गेहूं की औसत उपज अभी 61 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है, जबकि विश्वविद्यालय की तरफ से विकसित गेहूं की नई प्रजाति डब्ल्यूएच 1270 की औसत उपज 75.6 क्विंटल प्रति हेक्टेयर व अधिकतम उपज 90.2 क्विंटल प्रति हेक्टेयर है। यह प्रजाति संपूर्ण हरियाणा व पंजाब के अलावा हिमाचल व जम्मू कश्मीर के मैदानी इलाकों तथा राजस्थान और पश्चिमी यूपी के सिंचित क्षेत्रों के लिए भी उपयुक्त है। विशिष्ट गुणों के चलते इस प्रजाति के बीज की काफी मांग रही।



हिसार क्षेत्र के खेत में गेहूं की फसल। संवाद

> एचएयू के वैज्ञानिक किसानों के लिए उन्नत किस्में विकसित कर रहे हैं। गेहूं की उन्नत डब्ल्यूएच 1270 न केवल हरियाणा अपितु दूसरे प्रदेशों में बहुत लोकप्रिय हुई है। 31 कंपनियों से समझौते किए हैं। - प्रो बीआर कांबोज, कुलपति एचएयू

### येलो रस्ट रोधी है यह प्रजाति

उत्तर भारत में गेहूं की सबसे प्रमुख बीमारी पीला रतुआ (येलो रस्ट) उपज को प्रभावित करता है। परंतु यह बीमारी डब्ल्यूएच 1270 में नहीं लगती है। अगेती प्रजाति होने के कारण यह 25 से 28 डिग्री तापमान में भी अच्छा जमाव व फुटाव देती है। इस वजह से सर्दियों के दिन कम होने या दिसंबर व मार्च में बढ़ रही गर्मी का भी इस पर असर नहीं होता है।

### 156 दिन में पकती है

डब्ल्यूएच 1270 की बिजाई अक्तूबर के अंतिम सप्ताह से लेकर नवंबर के पहले सप्ताह तक ही होती है। 101 दिन में इसमें बालियां आती हैं, जबकि 156 दिन में फसल पककर तैयार होती है। पौधे की लंबाई एक मीटर होती है, जिस वजह से तेज हवा चलने पर भी पौधे गिरते नहीं हैं।

### इन कंपनियों के साथ तीन साल का हुआ समझौता

डब्ल्यूएच 1270 प्रजाति के बीज का उत्पादन करने के लिए एचएयू ने 31 कंपनियों के साथ समझौता किया है। इनमें देव एग्री टेक प्राइवेट लिमिटेड, उत्तम सीड्स, क्वालिटी हाइब्रिड सीड्स, शक्तिवर्धक हाइब्रिड, शिवगंगा हाइब्रिड, हरियाणा सीड्स कंपनी, कुरुक्षेत्र एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड, काश्तकार सीड्स, मॉडल एग्रीटेक इंडिया लिमिटेड, उन्नत बीज कंपनी, लक्ष्य सीड्स, शंकर सीड्स, किरन सीड्स, शक्तिमान सीड्स, हरबीर एग्रोटेक, एशियन सीड्स, खालसा एक्सपोर्ट, साहिब सीड्स लिमिटेड, सूर्या सीड्स एंड केमिकल्स, जय श्रीराम एक्सपोर्ट सीड्स, ग्रोटेक सीड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जाट करनाल सीड्स फार्म, तिवाना सीड्स स्टोर, ओंकार सीड्स, सुप्रीम सीड्स, सपोर्ट आर्गेनिक फार्म इंडिया, फेम सीड्स, सीमांस सीड्स कंपनी, केडी सीड्स, पंजाब सीड्स व जय एग्रो सीड्स को तीन साल के लिए अनुबंध मिला है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 22.12.2022 | ----- | ----- |


# चौ. चरण सिंह जयंती पर एचएयू में 23 कल मनाया जाएगा किसान दिवस

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 23 दिसम्बर को किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज समारोह की अध्यक्षता करेंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक, डॉ. बलवान सिंह मंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष किसान दिवस का विषय प्राकृतिक खेती होगा। उन्होंने बताया पूरे हरियाणा प्रांत से लगभग 2500 प्रगतिशील महिला एवं पुरुष किसान इस किसान-वैज्ञानिक मंत्रणा में हिस्सा लेंगे। इस दौरान भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्राकृतिक खेती अभियान को बढ़ावा देने के कार्यक्रम पर चर्चा की जाएगी। प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य वाले एक किसान को किसान रत्न पुरस्कार दिया जाएगा जिसमें समृति चिन्ह, प्रमाणपत्र व 25 हजार रुपए का नकद ईनाम दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के 20 महिला व 20 पुरूष किसानों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में किसानों की आमदनी बढ़ाने में सहायक विभिन्न तकनीकों एवं तरीकों पर भी चर्चा की जाएगी। विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादो, कृषक अन्वेषक व विश्वविद्यालय के नवीनतम उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| समस्त हरियाणा | 22.12.2022 | ----- | ----- |


# चौ. चरण सिंह जयंती पर एच.ए.यू. में 23 दिसंबर को मनाया जाएगा किसान दिवस

## कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जय प्रकाश दलाल होंगे मुख्यातिथि

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 23 दिसम्बर को किसान दिवस का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा। प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जय प्रकाश दलाल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे जबकि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज समारोह की अध्यक्षता करेंगे। विस्तार शिक्षा निदेशक, डॉ. बलवान सिंह मंडल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष किसान दिवस का विषय प्राकृतिक खेती होगा। उन्होंने बताया पूरे हरियाणा प्रांत से लगभग 2500 प्रगतिशील महिला एवं पुरुष किसान इस किसान-वैज्ञानिक मंत्रणा में हिस्सा लेंगे। इस दौरान भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्राकृतिक खेती अभियान को बढ़ावा देने के कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। प्रदेश में उल्लेखनीय कार्य वाले एक किसान को किसान रत्न पुरस्कार दिया जाएगा जिसमें समृति चिन्ह, प्रमाणपत्र व 25 हजार रूपए का नकद ईनाम दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के 20 महिला व 20 पुरूष किसानों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में किसानों की आमदनी बढ़ाने में सहायक विभिन्न तकनीकों एवं तरीकों पर भी चर्चा की जाएगी। विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादो, कृषक अनवेषक व विश्वविद्यालय के नवीनतम उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| आज समाज | 23.12.2022 | ----- | ----- |


# किसान दिवस पर सिरसा के मुकेश को किसान रत्न अवार्ड से करेगा सम्मानित

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम मे प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जय प्रकाश दलाल शिरकत करेंगे और इस दौरान सिरसा के गांव झोरड?ाली के मुकेश पुत्र श्री लालचंद को किसान रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इन 40 (20 महिला व 20 पुरूष)प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा सम्मानित कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इस दौरान कृषि क्षेत्र और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 40 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है जिन्हें किसान दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिसार के गांव खारा बरवाला से राहुल, सदलपुर से सुनीता रानी, जींद जिले के बीबीपुर से अजीत सिंह, इक्कस से पुनम, पलवल के किशोरपुर से बुद्धराम, नूंह से निर्मला, सोनीपत के हलालपुर से राजिंदर, गढ़ी मीमरपुर से राज कुमारी, यमुनानगर के नागल से रंधीर सिंह, बाहादुरपुर से कांता रानी, कुरूक्षेत्र के खानपुर कोलीयान से राम कुमार, मथाना से उषा देवी, फतेहाबाद के धोलू से राजपाल व कांता, करनाल के नीलोखेड़ी से विकाश चौधरी, कंबोपुरा से रिमन कम्बोज, रेवाड़ी के मोहमदपुर से महेश कुमार, पाली से ज्योती यादव, झज्जर के बिशन से हरेन्द्र सुहाग, ससरौली से पिंकी, अंबाला के महलान से आशु, संभालका से करमजीत कौर, फरीदाबाद के अरूआ से सुभाष भाटी, पनहेरा खुर्द से रेखा, पंचकुला के कोलयोन से रतन सिंह, रामपुर से मैनावंती, कैथल के लांदेर पीरजादा से मनदीप सिंह कम्बोज, उमेदपुर से गुरजीत कौर, पानीपत के उरलाना कलां से पलविंदर, ओझा से मनीषा देवी, महेन्द्रगढ़ के माजरा खुर्द से पंकज, बवानिया से सुनीता यादव, रोहतक के चीरी से बंसी लाल, गढ़ी बोहार से ज्योति, सिरसा के फरवैन से मोहन लाल, ओढा से सोनिया, भिवानी के बिसलवास से कृष्ण कुमार, बादल से रेखा, फार्मर फस्ट के अंतर्गत हिसार के चिड़ौद से बलवान, लाहौरी राघो से सरोज रानी को सम्मानित किया जाएगा। इन प्रगतिशील किसानों ने कृषि में विविधिकरण, पशुपालन व उत्पाद मूल्य संवर्ध, कस्टम हायरिंग सेंटर, फसल उत्पादन, फल एवं सब्जी परीरक्षण, आचार उत्पादन एवं बाजरा उत्पादन, फसल विविधिकरण, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती, हाइटेक नर्सरी, डेयरी फा?मंग, स्वयं सहायता समूह एवं महिला सशक्तिकरण, सब्जी की संरक्षित खेती, स्वयं सहायता समूह बनाने के लिए मुख्य प्रशिक्षक, वस्त्र सज्जा एवं बिक्री केंद्र, मशरूम उत्पादन, मशरूम एवं स्पॉन उत्पादन, फल एवं सब्जी मूल्य संवर्धन, जैविक नियंत्रण द्वारा समन्वित किट प्रबंधन, पशुपालन एवं किचन गार्डनिंग आदि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया गया है।